**कार्यक्रम •** डीआईजी ने मशाल को प्रज्जवलित कर और गुब्बारे उड़ाकर इवेंट संचालन करने का दिया आदेश , प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया

# एस्टीम स्कूल में वार्षिक खेलकूद के समारोह में बच्चों ने किया ज़ुंबा डांस, लोक नृत्य और नाटक




खेलकूद समारोह में मुख्य अतिथि को बुके दे कर स्वागत करते विद्यालय के निदेशक ।



एस्टीम पब्लिक स्कूल के बच्चे आकर्षक नृत्य प्रस्तुत करते हुए।

भास्कर न्यूज़ | चाईबासा

एस्टीम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह, 2025 सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी, कोल्हान प्रमण्डल मनोज कुमार चौथे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विद्यालय के निदेशक, उप निदेशक, प्राचार्य की तिलक-आरती हुई। फिर स्कूल के हेड गर्ल और बॉय ने स्कॉट का आदेश लें व स्कूल बैंड ने स्कॉट कर अतिथियों को मंच तक लाया। मंच पर विद्यालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार झा के द्वारा डीआईजी को पुष्पगुच्छ, बैच के साथ अभिनंदन व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत समारोह की शुरुआत हुई। स्कूल फ्लैग फहराने के बाद डीआईजी के द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में गंगा, दामोदर, यमुना और स्वणरिखा हाउस की टीम और स्कूल बैंड ने शानदार प्रदर्शन किया। डीआईजी ने मशाल को प्रज्जवलित और गुब्बारे उड़ाकर इवेंट संचालन करने का आदेश दिया। प्राचार्य टी. कुमार ने अपने संबोधन में मनोज कुमार चौथे का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। इस आयोजन के उद्देश्य व संदेश का परिचय देते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद स्वागत गीत के साथ इवेंट का संचालन शुरू हुआ। जुंबा डांस, डंबल पीटी, झारखंड के लोकनृत्य, महिला सशक्तिकरण के ऊपर नाटक कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यालय के बच्चों के द्वारा की गई। स्पोर्ट्स में नर्सरी के बच्चों का ब्रस्टिंग बैलून रेस, एलकेजी का डकवॉक रेस, यूकेजी का रैबिट एंड कैरट रेस आयोजित हुआ। फिर क्रमशः कक्षानुसार थ्रीलेग रेस, स्पून-मार्बल रेस, निडिल एंड थ्रेड, बैकवर्ड रनिंग, 200 मी. रेस, टग ऑफ वार और रिले रेस आदि में बच्चों ने पूरे दमखम के साथ भाग लिया।

विद्यालय के छात्र दृश्य कुमार ने जेईई मेन 2025 में 99.88 परसेंटाइल तथा फैज खान ने 96 परसेंटाइल अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इन दोनों मेधावी छात्रों को डीआईजी सर के द्वारा ट्राफी और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. मनोज झा ने सभी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पढ़ाई के साथ खेलकूद की उपयोगिता को समझाते हुए उन्होंने मुख्य अतिथि, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।



अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र को सम्मानित करते।

### डीआईजी ने बच्चों की सराहना की

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यालय व आयोजन की सराहना करते हुए, बच्चों के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भली भांति कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के द्वारा बच्चों में अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दिए जा रहे हैं।

उप निदेशक गौरव झा ने समारोह को संबोधित करते हुए खेलकूद की महत्ता को रेखांकित किया और सुंदर एवं सफल आयोजन के लिए शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सराहना की।

प्रभात खबर
जमशेदपुर, शनिवार
15.02.2025 | 03

इस्टीम पब्लिक स्कूल की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# संस्कारवान बनें बच्चे : डीआइजी



प्रतिनिधि, चाईबासा



कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीआइजी.

इस्टीम पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन कोल्हान के डीआइजी मनोज रतन चौथे ने शुक्रवार को किया. स्कूल का झंडा फहराने के बाद डीआइजी ने परेड का निरीक्षण किया. परेड में गंगा, दामोदर, यमुना और स्वर्णरेखा हाउस ने बैंड में शानदार प्रदर्शन किया. डीआइजी ने गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. प्रतियोगिता में नर्सरी बच्चों के लिए बैलून रेस, एलकेजी के लिए डकवॉक रेस, यूकेजी के लिए रैबिट एंड कैरट रेस का आयोजन किया गया. इसके बाद कक्षानुसार थ्रीलेग रेस, स्पून-मार्बल रेस, निडिल एंड थ्रेड, बैकवर्ड रनिंग, 200 मीटर की दौड़, टग ऑफ वार और रिले रेस में बच्चों ने पूरे दमखम के साथ भाग लिया. उप निदेशक गौरव झा ने खेलकूद की महत्ता के बारे में जानकारी दी. विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया. इस मौके पर डीआइजी ने विद्यालय के इस आयोजन की काफी सराहना की. उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन को भी सराहा. उन्होंने कहा कि विद्यालय अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भलीभांति कर रहा है. उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों को शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार भी दिये जायें.

**जेइइ के सफल विद्यार्थी हुए सम्मानित:** विद्यालय के छात्र दृश्य कुमार ने जेइइ मेन में 99.88 परसेंटाइल व फैज खान ने 96 परसेंटाइल अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया. इन दोनों मेधावी छात्रों को डीआईजी ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com जमशेदपुर, शनिवार, 15 फरवरी 2025

# बेहतर शिक्षा दे रहा है विद्यालय : चोथे



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीआईजी साथ में स्कूल के निदेशक।

चाईबासा, संवाददाता। इस्टीम पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी, कोल्हान प्रमण्डल मनोज कुमार चोथे ने विद्यालय और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भली-भांति कर रहा है और शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के द्वारा बच्चों में अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दिए जा रहे हैं। मंच पर विद्यालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार झा ने मुख्य अतिथि का को पुष्पगुच्छ, बैच के साथ अभिनंदन तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में गंगा, दामोदर, यमुना और स्वर्णरेखा हाउस की टीम और स्कूल बैंड ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. झा ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उप निदेशक गौरव झा ने समारोह को संबोधित करते हुए खेलकूद की महत्ता को रेखांकित किया। खेलकूद में बच्चों ने पूरे दमखम के साथ भाग लिया। विद्यालय के छात्र दृश्य कुमार ने जेईई मेन 2025 में 99.88 परसेंटाइल तथा फैज खान ने 96 परसेंटाइल अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इन दोनों मेधावी को डीआईजी ने सम्मानित किया।

चाईबासा जागरण www.jagran.com जमशेदपुर, 15 फरवरी, 2025

# बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देने का काम कर रहा विद्यालय : डीआइजी





इस्टीम पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कोल्हान डीआइजी साथ में निदेशक डा. मनोज झा व वार्षिक खेलकूद समारोह में प्रस्तुति देतीं छात्राएं • जागरण

- इस्टीम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह
- विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया

जासं, चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चोथे शामिल हुए। मुख्य अतिथि डीआइजी मनोज रतन चोथे ने अपने संबोधन में विद्यालय और आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। कहा कि विद्यालय अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भलीभांति कर रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यहां बच्चों में अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दिए जा रहे हैं। उप निदेशक गौरव झा ने खेलकूद की महत्ता को रेखांकित किया और सुंदर एवं सफल आयोजन के लिए शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सराहाना की। इससे पहले प्राचार्य टी. कुमार ने मुख्य अतिथि का गरमजोशी से स्वागत किया और इस आयोजन के उद्देश्य और संदेश का परिचय देते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जुंबा डांस, डंबल पीटी, झारखंड के लोकनृत्य, महिला सशक्तिकरण के ऊपर नाटक जैसी कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यालय के बच्चों के द्वारा दी गई। स्पोर्ट्स इवेंट में नर्सरी के बच्चों का ब्रस्टिंग बैलून रेस, एलकेजी का डकवॉक रेस, यूकेजी. का रैबिट एंड कैरट रेस आयोजित हुआ। फिर क्रमशः कक्षानुसार थ्रीलेग रेस, स्पून-मार्बल रेस, निडिल एंड थ्रेड, बैकवर्ड रनिंग, 200 मी. रेस, टग ऑफ वार और रिले रेस आदि में बच्चों ने पूरे दमखम के साथ भाग लिया। इस अवसर पर जेईई मेन 2025 में 99.88 प्रतिशत लाने वाले विद्यालय के छात्र दृश्य कुमार 96 परसेंटाइल लाने वाले फैज खान को डीआइजी ने ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के निदेशक डा. मनोज कुमार झा ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पढ़ाई के साथ खेलकूद की उपयोगिता को समझाते हुए उन्होंने मुख्य अतिथि, अभिभावकों, शिक्षक विद्यार्थियों व कर्मचारियों को आयोजन की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।